**NEWS CLIPPING: 02.03.2019**

**PUNJAB KESARI**

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

फरीदाबाद, 1 मार्च (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिन देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन की स्मृति तथा रमन प्रभाव के रूप में विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता हैं। इस अवसर पर अपने संदेश में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सी.वी. रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जाने तथा इससे प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि नोबेल पुरस्कार



*प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए विद्यार्थी।*

विजेता सी.वी. रमन दृढ़ इच्छा शक्ति के व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन की सभी बाधाओं को पार करते हुए जीवन में सफलता हासिल की और ऐसे महान वैज्ञानिक का जीवन विद्यार्थियों के लिए अनुकरणीय है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 02 March 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c/

**NEWS CLIPPING: 02.03.2019**

## PUNJAB KESARI COM

**आयोजन** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# सी वी रमन के जीवन से प्रेरणा लें विद्यार्थी

**फरीदाबाद** ,राकेश देव (पंजाब केसरी): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिन देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सी वी रमन की स्मृति तथा रमन प्रभाव के रूप में विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता हैं

इस अवसर पर अपने संदेश में कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सी वी रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जाने तथा इससे प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि नोबेल पुरस्कार विजेता सी वी रमन दृढ़ इच्छा शक्ति के व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन की सभी बाधाओं को पार करते हुए जीवन में सफलता



सम्मानित करते हुए , (छाया:राकेश देव)

हासिल की और ऐसे महान वैज्ञानिक का जीवन विद्यार्थियों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए देश के विकास में योगदान देने का भी आह्वान किया।

इस उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में यूजी व पीजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताए पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन व पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यूजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निवेदिता, प्रेरणा तथा पायल विजेता रहीं। दूसरा पुरस्कार साहिल, उज्ज्वल व ब्रिजेश को मिली और उज्ज्वल, सिमरनजीत व दीपक तीसरे स्थान पर रहे। पीजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिमांशी ओझा, पल्लवी नेगी व सरोजनी घोष ने पहला पुरस्कार जीता। दूसरे स्थान पर कंचन, अमन व धर्मेंद्र रहे। तीसरा पुरस्कार छाया, दिपांशी व चंचल ने प्राप्त किया। पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में ज्योति विजेता रही। पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रेरणा ने पहलाए निवेदिता ने दूसरा व गौरव ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ आशुतोष दीक्षित की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सोनिया बंसल, डॉ सीताराम व डॉ प्रवीण गोयल ने किया।


पंजाब केसरी Sat, 02 March 2019
mpaper.punjabkesari.com/c/37303584

**NEWS CLIPPING: 02.03.2019**

**HINDUSTAN**

# निवेदिता, प्रेरणा और पायल जीती

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यूजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निवेदिता, प्रेरणा और पायल प्रथम स्थान पर रही। वहीं, दूसरा पुरस्कार साहिल, उज्ज्वल और ब्रिजेश के नाम रहा। तृतीय स्थान पर उज्ज्वल, सिमरनजीत और दीपक तीसरे स्थान पर रहे। पीजी स्तर के प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिमांशी ओझा, पल्लवी नेगी आगे रही। **(वसं)**

**NEWS CLIPPING: 02.03.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# क्विज में निवेदिता, प्रेरणा ने मारी बाजी

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जानें और उससे प्रेरणा लें। इस दौरान अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर क्विज, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन व पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यूजी स्तर पर क्विज में निवेदिता, प्रेरणा व पायल विजेता रहीं। दूसरा पुरस्कार साहिल, उज्ज्वल व ब्रिजेश को मिला और उज्ज्वल, सिमरनजीत व दीपक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पीजी स्तर पर क्विज में हिमांशी ओझा, पल्लवी नेगी व सरोजनी घोष ने पहला, कंचन, अमन व धर्मेंद्र ने दूसरा और छाया, दिपांशी व चंचल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष दीक्षित, डॉ. सोनिया बंसल, डॉ. सीताराम व डॉ. प्रवीण गोयल मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 02.03.2019**

## DAINIK JAGRAN

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस**

# सीवी रमन के जीवन से प्रेरणा लें : प्रो.दिनेश

**जासं, फरीदाबाद :** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय(वाईएमसीए) के तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सीवी.रमन की स्मृति में आयोजित होने वाले इस दिवस पर उनके प्रभावों से छात्रों को अवगत कराया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में सर सीवी. रमन का अहम योगदान है। नोबेल पुरस्कार विजेता सीवी. रमन दृढ़ इच्छा शक्ति के व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन की सभी बाधाओं को पार करते हुए सफलताएं अर्जित की। इस उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में यूजी व पीजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन व पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यूजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निवेदिता, प्रेरणा तथा पायल विजेता रहीं। दूसरा पुरस्कार साहिल, उज्ज्वल व ब्रिजेश को मिली और उज्ज्वल, सिमरनजीत व दीपक तीसरे स्थान पर रहे। पीजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिमांशी ओझा, पल्लवी नेगी व सरोजनी घोष ने पहला पुरस्कार जीता। दूसरे स्थान पर कंचन, अमन व धर्मेंद्र रहे। तीसरा पुरस्कार छाया, दिपांशी व चंचल ने प्राप्त किया। पावरप्वाइंट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता में ज्योति विजेता रही। पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रेरणा ने पहला, निवेदिता ने दूसरा व गौरव ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ.आशुतोष दीक्षित की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सोनिया बंसल, डॉ. सीताराम व डॉ.प्रवीण गोयल ने किया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 02.03.2019**

**AMAR UJALA**

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिन देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सीवी रमन की स्मृति और रमन प्रभाव के रूप में विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर अपने संदेश में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जाने और इससे प्रेरणा लें। इस उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में यूजी व पीजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन व पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यूजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निवेदिता, प्रेरणा और पायल विजेता रहीं। दूसरा पुरस्कार साहिल, उज्ज्वल व ब्रिजेश को मिला। इसके अलावा उज्ज्वल, सिमरनजीत व दीपक तीसरे स्थान पर रहे। पीजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिमांशी ओझा, पल्लवी नेगी व सरोजनी घोष ने पहला पुरस्कार जीता। दूसरे स्थान पर कंचन, अमन व धर्मेंद्र रहे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 02.03.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# स्टूडेंट वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए देश के विकास में योगदान दें : प्रो. दिनेश

## यूजी व पीजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिन देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सीवी रमन की स्मृति तथा रमन प्रभाव के रूप में विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जानें तथा इससे प्रेरणा लें। इस उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में यूजी व पीजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन व पोस्टर प्रजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### प्रश्नोत्तरी में निवेदिता, प्रेरणा व पायल विजेता रहीं

यूजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निवेदिता, प्रेरणा तथा पायल विजेता रहीं। दूसरा पुरस्कार साहिल, उज्ज्वल व बृजेश को मिला। उज्ज्वल, सिमरनजीत व दीपक तीसरे स्थान पर रहे। पीजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिमांशी ओझा, पल्लवी नेगी व सरोजनी घोष ने पहला पुरस्कार जीता। दूसरे स्थान पर कंचन, अमन व धर्मेंद्र रहे। तीसरा पुरस्कार छाया, दीपांशी व चंचल ने प्राप्त किया। पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता में ज्योति विजेता रही। पोस्टर प्रजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रेरणा ने पहला, निवेदिता ने दूसरा व गौरव ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष दीक्षित, डॉ. सोनिया बंसल, डॉ. सीताराम व डॉ. प्रवीण गोयल आदि मौजूद थे।